आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



बर्ष :12 अंक :272 पृष्ठ -4 दिनांक 29 सितम्बर 2024 दिन रविवार

## वाराणसी बिजली विभाग के अधिकारियों से भिड़े BJP नेता, 30 हजार की रिश्वत का आरोप, JE निलंबित



वाराणसी जनपद में एक बार फिर बिजली विभाग की ला. परवाही का मामला सामने आया है और इस बार तो खुद सत्ता पक्ष से ही जुड़े भाजपा नेता और विभागीय कर्मचारी आमने-सामने देखे जा रहे हैं. वाराणसी के भेल. पूर थाना अंतर्गत भाजपा नेता दिलीप मिश्रा ने आरोप लगाया गया है कि उनसे मीटर बदलने के नाम पर 30000 रुपये की घूस मांगी गई. इसके अलावा एक भी रुपया बिजली का बिल बकाया न होने के बावजूद गलत तरीके से विभागीय कर्मचारियों की तरफ से मुक. दमा दर्ज कर दिया गया. इस मामले को लेकर बीजेपी नेता और बिजली विभाग के अधिकारियों से भिड़ गए. जिसके बाद भेलूपुर स्थित विभागीय कार्यालय पर भाजपा नेताओं ने जमकर हंगामा किया. इस मामले में प्रशासनिक कार्रवाई भी की गई है. जानकारी प्राप्त होने तक जेई विकास दुबे को निलंबित कर दिया गया है.बिजली विभाग से भिड़े बीजेपी नेताखबर के अनुसार भाजपा नेता दिलीप मिश्रा वाराणसी के फुलवरिया स्थित गंगा पुरी कॉलोनी में रहते हैं. बीते दिनों आवास के बिजली आपूर्ति समस्या को लेकर उन्होंने विभागीय कर्मच. ारियों को सूचित किया था. भाजपा नेता का आरोप है कि आवास पर पहुंचे बिजली कर्मचारियों द्वारा मीटर के बजाए डायरेक्ट कनेक्शन जोड़ दिया गया और इसका उन्होंने वीडियो भी बनाया. बाद में जब उनके द्वारा कहा गया कि मीटर लगाने के लिए 30000 हजार रुपये देने होंगे. इतना ही नहीं हमारे खिलाफ बिजली चोरी के आरोप में मुकदमा भी दर्ज कर दिया गया. इसके बाद भाजपा नेता और अन्य क्षेत्रीय पदाधिकारी भेलूपुर स्थित विभागीय कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने विजिलेंस दरोगा संतोष सिंह और जूनियर इंजीनियर विकास दुबे के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की. विभाग पर ला. परवाही का बड़ा आरोप लगाया.वभागीय कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं का हंगामा देखकर बिजली विभाग के अधिकारियों ने उन्हें जांच का आश्वासन दिया. अब इस मामले में जेई विकास दुबे को निलंबित कर दिया गया है. भाजपा नेताओं का कहना है कि जब नेताओं के साथ विभागीय कर्मचारी ऐसा कर रहे हैं तो आम जनता की बातों को वह कितनी गंभीरता से सुन रहे होंगे, यह सो. चने वाली बात है.

## दिल्ली की सड़कों पर उतरेंगे AAP सरकार के मंत्री, विधायक-अधिकारी भी होंगे साथ, CM आतिशी ने बताई वजह



दिल्ली की नई सीएम आतिशी ने रविवार को कहा कि कल सुबह (30 सितंबर) को सुबह 6 बजे से दिल्ली सरकार के सभी मंत्री सड़कों का निरीक्षण शुरू करेंगे. इस दौरान सभी विधायक और पीडब्ल्यूडी के सभी इंजीनियर भी उनके साथ रहेंगे. अगले एक हफ्ते में दिल्ली पीडब्ल्यूडी की 1,400 किलोमीटर लंबी सड़कों के हर मीटर का निरीक्षण किया जाएगा. निरीक्षण पूरा होते ही अगले सप्ताह से सड़क की मरम्मत का काम युद्धस्तर पर शुरू किया जाएगा जाएगा. पीडब्ल्यूडी विभाग को अक्टूबर में 1400 किमी सड़कों की मरम्मत का लक्ष्य दिया गया है.मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि हमें उम्मीद है कि दिवाली तक हम सभी दिल्ल. ीवासियों को श्गड्ढा मुक्त दिल्लीश दे सक. ेंगे. उन्होंने कहा कि जैसा कि ।।च संयोजक अरविंद केजरीवाल ने अपने पत्र में लिखा है दिल्लीवाले इन टूटी हुई सड़कों से परेशान है. युद्धस्तर पर काम करके हम सभी दिल्ली वालों को गड्ढा मुक्त दिल्ली देंगे.बता दें कि बीते दिनों सीएम आतिशी विधानसभा में स्पष्ट तौर पर कह चुकी है कि अब अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में दिल्लीवालों के हर रुके काम पूरे होंगे. बीजेपी के षड्यंत्र का जबाव दिल्ली की जनता देगी. फरवरी के चुनाव में बीजेपी का सूपड़ा साफ होगा और दिल्ली के लोग 70 में से 70 सीटें देकर अरविंद केजरीवाल को एक बार फिर अपना मुख्यमंत्री बनायेंगे. युद्धस्तर पर होगा सड़कों को ठीक करने का काम'
बता दें कि आज आम आदमी पार्टी ने दिल्ली सचिवालय में सभी मंत्रियों की बैठक बुलाई थी. जिसमें पीडब्ल्यूडी की 1400 किमी सड़कों की व्यापक समीक्षा की गई. जिसको लेकर मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में बारिश के कारण कई जगह सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं. अब उन पर युद्धस्तर पर काम करने की आवश्यकता है.इसके अलावा दिल्ली की कानून-व्यवस्था को लेकर भी मंत्री सौरभ भारद्वाज ने प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा कि दिल्ली में कानून-व्यवस्था की इतनी खराब स्थिति पहले कभी नहीं रही. दिल्ली के सभी कारोबारी आज डरे हुए हैं. उनके पास इंटरनेशनल कॉल आ रही हैं और फिरौती मांगी जा रही है. दिल्ली पुलिस और एलजी कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं.




## बस स्टेशन पर अचानक गिरा युवक, 55 मिनट नहीं आई एंबुलेंस, हो गई मौत

बिहार से बाराबंकी मजदूरी करने आए एक युवक की बस स्टेशन पर अचानक हालत बिगड़ी और वह गिर पड़ा। गिरने से उसके सिर में भी चोट आई। इसके बाद लोग एंबुलेंस को फोन मिलाते रहे मगर करीब 55 मिनट तक एंबुलेंस नहीं पहुंची और युवक की मौत हो गई। बाद में आई एक एंबुलेंस उसे लेकर जिला अस्पताल गई।घटना शहर कोतवाली क्षेत्र में देवा रोड स्थित बस स्टेशन की है। यह मौजूद लोगों ने बताया कि रविवार सुबह करीब 11:00 बजे एक व्यक्ति बस से उतरा और परिसर में ही अचानक गिर पड़ा। उसके साथ मौजूद दूसरे व्यक्ति ने मदद मांगी तो लोगों ने मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस को कॉल करना शुरू किया लेकिन करीब 52 से 55 मिनट तक एंबुलेंस को कॉल नहीं लगी और लगी हुई तो एंबुलेंस नहीं आई।एक व्यक्ति द्वारा लगातार प्रयास करने पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची मगर युवक की जान जा चुकी थी। युवक के पास से मिले आधार कार्ड में उसका नाम संटू माझी अंकित है। जो बिहार का निवासी है। शहर कोतवाल अजय त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## प्रयागराज में राम नहीं, रावण की पूजा से शुरू होता है दशहरा उत्सव, निकाली शोभा यात्रा



प्रयागराज दुनिया में विजयादशमी के मौके पर भले ही जगह-जगह रावण के पुतले जलाए जाने की परम्परा हो, लेकिन संगम नगरी प्रयागराज में दशहरा उत्सव की शुरुआत तीनो लोकों के विजेता लंकाधिपति रावण कीपूजा-अर्चना और भव्य शोभा यात्रा के साथ होती है. घोडों-रथों, बैंड पार्टियों व आकर्षक रोड लाइट्स के बीच महाराजा रावण की शोभा यात्रा जब उनके कुनबे और मायावी सेना के साथ प्रयागराज की सड़कों पर निकलती है, तो उसके स्वागत में जनसैलाब उमड़ पड़ता है. खराब मौसम और बारिश के बीच इस साल शोभा यात्रा में शामिल डेढ़ दर्जन से ज्यादा झांकियां लोगों के बीच खास आकर्षण का केंद्र रहीं. रावण बारात के नाम से निकलने वाली इस शोभा यात्रा के साथ ही प्रयागराज में दशहरा उत्सव की शुरुआत हो गई है. प्रयागराज में लंकाधिपति रावण को उनकी विद्वता के कारण पूजा जाता है. यहां की श्री कटरा रामलीला कमेटी दशहरे के दिन न तो रावण का दहन करती है और न ही उनके पुतले का वध. इस बार की रावण बारात में प्रयागराज के मेयर गणेश केसरवानी और विधायक हर्षवर्धन बा. जपेई समेत कई खास मेहमान भी शामिल थे.संगम नगरी में निकली रावण की बारातदशहरे की शुरुआत के मौके पर संगम नगरी प्रयागराज में तीनो लो. कों के विजेता लंकाधिपति रावण की शाही सवारी इस साल भी परम्परागत तरीके से पूरी सज-धज और भव्यता के साथ निकाली गयी. महर्षि भारद्वाज के मंदिर से निकाली गई शाही सवारी से पहले प्राचीन शिव मंदिर में महाराजा रावण की आरती और पूजा-अर्चना कर उनके जयकारे लगाए गए. रावण बारात के नाम से मशहूर इस अनूठी शोभा यात्रा में दशानन भव्य रथ पर बने आ. र्टिफिशियल हाथी पर रखे चांदी के विशालकाय सिंहासन पर सवार होकर श्रद्धालुओं को दर्शन दे रहे थे तो उनकी पत्नी महारानी मंदोदरी व परिवार के दूसरे लोग घोडों व अलग-अलग रथों पर विराजमान दिखाई दिए. दशानन की सवारी के ठीक आगे उनकी मायावी सेना अनोखे करतब दिखाते हुए चल रही थी. फूलों की बारिश, विजय धुन बजाती बैंड पार्टियां और आकर्षक लाइट्स के बीच महाराजा रावण और उनके परिवारवालों का जगह-जगह ऐसा भव्य स्वागत किया गया मानो दशानन एक बार फिर से तीनों लोकों को जीतकर लंका वापस लौटे हों. बारिश और खराब मौसम के बीच रावण बारात इस बार सड़कों पर निकली तो दशानन व उनके कुनबे का दर्शन करने के लिए लोगों का हुजूम सड़कों पर उतर आया.धूमधाम के साथ निकाली शोभा यात्राविद्या और ज्ञान की देवी सरस्वती के उदगम स्थल और महर्षि भारद्वाज की नगरी प्रयागराज में महाराजा रावण को उनकी विद्वता के कारण पूजा जाता है. यहां पर दशहरे के दिन रावण का पुतला भी नहीं जलाया जाता. दशहरा उत्सव शुरू होने पर यहाँ राम का नाम लेने वाले का नाक-कान काटकर शीशा पिलाने का प्रतीकात्मक नारा भी लगाया जाता है. शोभा यात्रा से पहले रावण को घंटों सजाया जाता है। यही वजह है कि यहाँ रावण बनने वाले कलाकार खुद को बेहद भाग्यशाली मानते हैं. दशहरे पर रावण की पूजा करने वाली श्री कटरा रामलीला कमेटी से जुड़े लोग खुद को महर्षि भारद्वाज का वंशज मानते हैं. कमेटी के मीडिया प्रभारी पवन प्रजापति के मुताबिक रावण पूजा के साथ दशहरा उत्सव शुरू करने की यह परम्परा यहाँ सदियों पुरानी है। दशानन की एक किलोमीटर लम्बी इस अनूठी व भव्य शोभा यात्रा में महाराजा रावण के साथ ही उनके गुरु भगवान भोले शंकर और किशन कन्हैया के जीवन पर आधारित तमाम झांकियां भी शामिल रहती हैं. इन झांकियों की सजावट और इन पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम इसे शोभा यात्रा का ख़ास आकर्षण बना देते हैं. इस साल महाराजा रावण के कुनबे के साथ ही लंकापति रावण के गुरु भगवान शिव व दूसरे देवी-देवताओं की झांकियां भी निकाली गईं. तिल रखने की जगह नहीं डेढ़ दर्जन के करीब निकली इन झांकियों को देखने के लिए प्रयागराज की सड़कों पर इतनी भीड़ उमड़ी है कि कहीं तिल रखने की भी जगह नहीं रही. इस अनूठी शोभा यात्रा और परम्परा को देखने के लिए देश के कोने-कोने से श्रद्धालु यहां आते हैं. दर्जन भर से ज्यादा बैंड पार्टियां और रंग बिरंगी व आकर्षक रोड लाइट्स इस रावण बारात की भव्यता में चार चांद लगा रही थी. महाराजा रावण की यह बारात प्रयागराज की श्री कटरा रामलीला कमेटी द्वारा शहर के करनलगंज इलाके में महर्षि भारद्वाज के आश्रम से निकाली जाती है. लंकाधिपति रावण की इस अनूठी व भव्य बारात के साथ ही संगम नगरी प्रयागराज में दशहरा उत्सव की शुरुआत हो जाती है। इस उत्सव के तहत एक पखवारे तक शहर के अलग-अलग मो. हल्लों इस शोभा यात्रा की तरह ही भव्य राम दल व हनुमान दल निकाले जाते हैं, जो अपनी भव्यता की वजह से समूची दुनिया में मशहूर हैं. देश के दूसरे हिस्सों में दशहरे की शुरुआत नवरात्रि से होती है लेकिन संगम नगरी प्रयागराज में दशहरा उत्सव पितृ पक्ष की एकादशी के दिन से ही शुरू हो जाता है.

# मां...मेरी सीनियर छात्राएं मेरा शोषण कर रही हैं, मैं घर आना चाहती हूं, रैगिंग से परेशान छात्रा ने दी जान


झांसी के बरुआसागर स्थित नवोदय विद्यालय में पढ़ने वाली कक्षा 9 की छात्रा ने हॉस्टल की सीढ़ियों की रेलिंग पर फंदे से लटककर जान दे दी। परिजन ने पुलिस को बताया कि विद्यालय की कुछ सीनियर छात्राएं उसे परेशान करती थीं। इससे वह तनाव में थी।गुरसराय के भदरवारा गांव निवासी जयहिंद पटेल की छोटी पुत्री अनुष्का (13) नवोदय विद्यालय में कक्षा 9 की छात्रा थी। विद्यालय के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करती थी। जयहिंद ने बताया कि शुक्रवार को अनुष्का ने घर में फोन करके बताया कि सीनियर छात्राएं उससे कमरे में खाना मंगवाती हैं।उसे परेशान करती हैं। उसका विवाद हो गया है। वह घर आना चाहती है। शनिवार सुबह भी उसने मां से फोन पर बात कर घर आने की बात कही। परिजन ने समझाया और सबके साथ रहने की नसीहत दी। दोपहर में सीनियर छात्राओं ने उसके साथ बदसलूकी की। अनुष्का ने पिता को फोन करके हॉस्टल बुलाया, लेकिन वह लोग नहीं आए। रात करीब आठ बजे सभी छात्राएं खाना खाने के लिए मैस गईं थीं। अनुष्का नहीं पहुंची। खाने के बाद छात्राएं अपने कमरों में लौट रहीं थीं तब ऊपरी मंजिल की सीढ़ी पर मोबाइल की टॉर्च जलता दिखी।

छात्राओं ने प्रधानाचार्य रामप्रसाद तिवारी को बताया। वह वहां पहुंचे तो अनुष्का सीढ़ी की रेलिंग पर दुपट्टे से लटकी हुई थी। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस फंदे से उतारकर उसे मेडिकल कॉलेज लेकर आई। यहां अनुष्का को मृत घोषित कर दिया। देर रात परिजन अस्पताल पहुंचे। एसपी सिटी ज्ञानेंद्र सिंह के मुताबिक, अनुष्का ने परिजन को परेशान करने वाली दो छात्राएं के नाम भी बताए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

परिजन को मलाल... समय पर पहुंच जाते तो बच जाती जान शनिवार रात करीब 9रू30 बजे अनुष्का के पिता जयहिंद को बेटी की आत्महत्या की जानकारी मिली। खबर मिलते ही उनके पांव तले जमीन खिसक गई। किसी तरह खुद को संभालते हुए पत्नी को लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे। मेडिकल कॉलेज में बेटी को सफेद चादर में लिपटा देख मां बिलख पड़ी। वह उस समय को कोसने लगी। रोते हुए मां बार–बार यह कह रही थी, अगर बिटिया की बात मानकर वह उसे दोपहर को हॉस्टल से ले आते तो उसकी जान बच जाती। परिजन किसी तरह उसकी मां को संभालती रहे। अनुष्का ने शनिवार दोपहर को अपनी मां को फोन किया था। रोते हुए अनुष्का ने खुद को हॉस्टल से ले जाने को कहा लेकिन परिजन ने इसे छोटा–छोटा विवाद समझकर अनुष्का को समझाया। सबके साथ मिलकर रहने की हिदायत दी। उसने शनिवार सुबह मां को फोन कर बुलाया। दोपहर में फिर विवाद के बाद पिता को बुलाया लेकिन परिजन ने उसे गंभीरता से नहीं लिया। उन्हें लगा कि बच्चों का विवाद है, बात संभल जाएगी, इस वजह से कोई भी अनुष्का को लेने नहीं पहुंचा। अब इसी बात का मलाल परिजन को सता रहा है।

## पापी साढ़ू  पत्नी के साथ आपत्तिजनक हाल में पकड़ा... लोकलाज के डर से चुप रहा, तो दिनदहाड़े कर दिया बड़ा कांड

मैनपुरी के थाना भोगांव क्षेत्र के एक मो. हल्ला निवासी युवक पर इटावा जाते समय शुक्रवार को साढ़ू ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि आरोपी को पत्नी के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ लिया था। इस वजह से साढ़ू दुश्मनी मान बैठा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।भोगांव क्षेत्र के एक मो. हल्ले के रहने वाले युवक ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार की दोपहर वह बाइक से इटावा जा रहा था। थाना क्षेत्र में बुझिया नहर पुल के पास साढ़ू ने उसे रोक लिया और गाली–गलौज करने



लगा। आरोपी की कमर में तमंचा लगा हुआ था। जब उसने विरोध किया तो आरोपी और उसके साथी ने पीटना शुरू कर दिया। लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित ने बताया कि कुछ दिन पहले ही साढ़ू उसके घर आया था। वो घर पर मौजूद नहीं था। अचानक से ही घर पहुंचा, तो उसने साढ़ू को पत्नी के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया। लोकलाज के डर से वो उस समय शांत रह गया। किसी को इस बारे में भनक तक नहीं लगने दी, लेकिन अब साढ़ू उसकी जान के पीछे पड़ा हुआ है।

दे रहा जान से मारने की धमकी पीड़ित ने बताया कि इटाव जाते समय उसने मारपीट ही नहीं की, बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी। इस वजह से वो दहशत में है। पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस ने साढ़ू के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बर्बरता से कांप गई रूह 500 रूपये की चोरी का शक, बेल्ट और फूंकनी से बेटे का सिर फोड़कर मार डाला

गाजियाबाद के मोदीनगर में एक शख्स ने दस साल के बेटे को पीट–पीटकर मार डाला। उसे बेटे पर 500 रुपये चोरी का शक था। आरोपी को हत्या के लिए उसकी दूसरी पत्नी और अहद की सा. "तेली मां ने उकसाया था। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से दिल दहलाने वाली खबर सामने आई है। मोदीनगर के भोजपुर के गांव त्यौड़ी 13 बिस्वा में शनिवार की सुबह करीब नौ बजे मजदूर नौशाद ने अपने दस साल के बेटे अहद को पीट–पीटकर मार डाला।

उसे शक था कि बेटे ने जेब से 500 रुपये चोरी किए हैं। इसी शक में उसने उसे पहले बेल्ट से पीटा और फिर उसकी मौत हो जाने तक लोहे की फूंकनी से सिर पर प्रहार करता रहा। पुलिस का कहना है कि नौशाद को हत्या के लिए उसकी दूसरी पत्नी और अहद की सौतेली मां रजिया ने उकसाया।  बर्बरता से की गई इस हत्या की चश्मदीद दादी शहजहां खातून ने नौशाद और रजिया के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई। इस पर पुलिस ने पहले रजिया और फिर नौशाद को गिरफ्तार कर लिया। हत्या के बाद नौशाद भाग गया था। खून से सनी फूंकनी और बेल्ट बरामद कर ली गई है।शहजहां खातून ने बताया कि नौशाद सुबह मजदूरी करके लौटा था। उसने आते ही रजिया से कहा कि जेब से 500 का नोट गायब है। रजिया ने जवाब दिया कि अहद ने चोरी कर लिया होगा, उसकी तलाशी लो। नौशाद ने अहद को बुलाकर नोट के बारे में पूछा। बेटे ने कहा कि उसे नहीं मालूम नोट कहां गया? इस पर नौशाद उसे बेल्ट से पीटने लगा।

पिटाई के बीच ही रजिया ने कहा कि यह ऐसे नहीं मानने वाला। बेल्ट से इसका कुछ नहीं बिगड़ेगा। उसने लोहे की फूंकनी लाकर नौशाद को दी। तब तक नौशाद बहुत गुस्से में आ चुका था। उसने अहद के सिर पर फूंकनी से ताबड़तोड़ प्रहार शुरू कर दिए। 15 से 20 प्रहार किए। बच्चा लहूलुहान होकर गिर पड़ा। उसकी वहीं पर मौत हो गई। दादी का कहना है कि उसने बेटे को रो. कने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं माना। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि दोनों आरोपियों ने जुर्म कुबूल किया है।

पिता भाग गया, सौतेली मां रोने लगीशहजहां खातून ने बताया कि अहद की मौत होते ही नौशाद वहां से भाग गया। रजिया अहद के शव के पास बैठकर रोने का नाटक करने लगी। उसने खून को साफ करने की कोशिश भी की। बच्चे की चीखें सुनकर आसपास के लोग भी आ गए। थोड़ी देर में पुलिस भी पहुंच गई। घटनाक्रम का पता चलने पर लोगों ने पुलिस के सामने ही नौशाद की गिरफ्तारी के लिए प्रदर्शन किया। रजिया को वहीं से पकड़ लिया गया। नौशाद को गांव से बाहर भागते समय पकड़ा गया।बेटी होते ही खटकने लगा सौतेला बेटाशाहजहां खातून ने बताया कि नौशाद का पहला निकाह 12 साल पहले गढ़मुक्तेश्वर के बदरखा गांव की जीनत के साथ हुआ था। दो साल बाद बेटे अहद का जन्म हुआ। इसके कुछ दिन बाद ही

नौशाद और जीनत का तलाक हो गया। अहद नौशाद के पास रहा। सात पहले नौशाद ने रजिया से निकाह किया। रजिया को संतान नहीं होने पर नौशाद ने बहन की बेटी अदीबा को गोद ले लिया। कुछ दिन बाद रजिया ने बेटी आयशा को जन्म दिया। इसके बाद से ही अहद उसकी आंखों में खटकने लगा।

दादी के जिम्मे दो बच्चियों की परवरिश शाहजहां खातून रोते–रोते एक ही सवाल किए जा रही थीं, इन बच्चियों की परवरिश कैसे होगी। बेटे और पुत्रवधू के जेल जाने के बाद अब उनकी गोद ली बेटी अदीबा और बेटी आयशा की जिम्मेदारी उनके पास आ गई है। शाहजहां के पति शमशाद कई वर्षों से बीमार हैं।

# हज यात्रा के लिए बढ़ाई गई आवेदन की तारीख, अब 30 सितंबर तक होगा आवेदन

हज कमेटी ऑफ इंडिया ने 9 सितंबर को ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि निर्धारित किया गया था, इस तिथि तक उत्तराखंड हज कमेटी को 577 हज यात्रियों की तरफ से आवेदन किया था लेकिन कई लोगों की तरफ से लगातार तिथि को बढ़ाने की मांग की जा रही थी. लोगों की मांग को देखते हुए उत्तराखंड हज कमेटी के आग्रह पर हज कमेटी ऑफ इंडिया ने तिथि को 9 सितंबर से 23 सितंबर कर दिया था. 23 सितंबर तक कुल 755 आवेदकों ने आवेदन किया था. इसके बाद भी अन्तिम तिथि को बढ़ाने की मांग चल रही थी. तो अंतिम तिथि को 30 सितंबर निर्धारित किया गया हैं, 28 सितंबर तक कुल 900 से अधिक आवेदकों ने हज यात्रा वर्ष 2025 के लिए अपना आवेदन दे दिया है अब भी लगातार यात्रियों के तरफ से आवेदन किये जा रहें हैं. उत्तराखंड से हज यात्रा के लिए जाने वाले यात्रियों की संख्या लगातार घट रही है. 2023 में प्रदेश से 1524 लोग, 2024 में 1043 लोग एवं दो बच्चे और 2025 के लिए अब तक 900 से अधिक लोगों ने आवेदन कर दिया है. हज कमेटी के उत्तराखंड के अध्यक्ष खतीब अहमद ने बताया, 28 सितंबर तक कुल 900 से अधिक आवेदकों द्वारा आवेदन किया गया है. आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितंबर हैं हमें उम्मीद है कि 1000 लोगों के आवेदन आने की संभावना है.अबतक 900 लोगों ने किया आवेदन उत्तराखंड हज कमेटी के अध्यक्ष खतीब अहमद ने बताया कि हज कमेटी ऑफ इंडिया ने वर्ष 2025 की यात्रा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 9 सितंबर निर्धारित की थीं. लेकिन लोगों के जरूरी अभिलेख नहीं बन पाने के कारण लोगों की डिमांड पर उत्तराखंड हज कमेटी ने दो बार तिथि को बढ़ाने की अपील की थीं. हमारी अपील पर अंतिम तिथि 30 सितंबर निर्धारित की गई है, अभी अंतिम तिथि समाप्त होने में एक दिन शेष हैं. लेकिन अब तक कुल आवेदनों की संख्या 900 से अधिक हो चुकी है, उम्मीद है कि अन्तिम तिथि तक 1000 आवेदन पूरे हो जाएंगे.

## कानपुर में शिक्षक की शर्मनाक करतूत, छात्रा से की अश्लील हरकत

कानपुर के काकादेव कोचिंग मंडी में संचालित हो रही एक कोचिंग में पढ़ने वाले एक मुस्लिम शिक्षक साहिल का अपनी ही कोचिंग की छात्रा के साथ अश्लीलता करते वीडियो सामने आया है. वीडियो में इस बात की तस्दीक हो रही है की छात्रा के साथ कोई जबरदस्ती नहीं हो रही बल्कि छात्रा और शिक्षक एक दूसरे की सहमति से एक दूसरे के करीब आ रहे हैं. अब इस वीडियो को लेकर हिंदू संगठनों में आक्रोश है. पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है.वहीं बजरंगदल कार्यकर्ता ने इस मामले में हिंदुओं की बहन बेटियों को टारगेट करने की बात कही और कहा कि सभी हिंदू परिवारों को जागरूक रहने की जरूरत है. लव जिहाद अबयुवा ही नही बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाले ऐसा कर रहे हैं जिस पर यकीन नही हो रहा है. पुलिस इस मामले कड़ी कार्रवाई करनी चाहिये.पुलिस ने आरोपी शिक्षक को किया गिरफ्तारइस घटना के बाबत कोचिंग ने बताया कि, आरोपी शिक्षक साहिल सिद्दीकी बायोलॉजी का शिक्षक है इनका वीडियो सामने आया जिसमे शिक्षक एक छात्र के साथ दस मिनट तक बाथरूम में रहा और फिर बाहर निकल कर दोनो अमर्यादित तरीके से एक दूसरे केकरीब आए. ये वीडियो और घटना तब की है जब कोचिंग के बंद होने का समय था और वो पूरी तरह से बंद हो चुकी थी लेकिन मेरे सवाल का साहिल के पास कोई जवाब नही था.इस पूरे मामले में कोचिंग संचालक की ओर से तहरीर थी गई है और पुलिस ने आरोपी शिक्षक को एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है. वहीं डीसीपी सेंट्रल महेश कुमार ने बताया कि जांच में शिक्षक पर लगाए गए आरोप सही पाए गए हैं. फिर लिखकर आरोपी को अरेस्ट कर लिया गया है. वहीं छात्रा के परिजनों को सूचित कर उसके बयान के लिए उसे बुलाया गया है.

# गोलगप्पे में छात्र ने मिलाई नशीली दवा और पी गया, हालत बिगड़ी, मेडिकल के लिए किया रेफर

## बीए में पढ़ने वाली छात्रा ओटो में बैठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची

परिजनों ने बताया कि छात्र का कल जन्मदिवस था और आज अपने कॉलेज गया था। किसी बात को लेकर छात्र ने गोलगप्पे के साथ धान में लगने वाली किसी नशीली दवा का सेवन कर लिया। जिससे छात्र की हालत बिगड़ गई।पीसी बागला डिग्री कॉलेज के एक बीएससी प्रथम वर्ष के छात्र ने धान में लगने वाली एक दवाई का सेवन कर लिया। ऑटो में बैठकर वह सासनी की तरफ आ रहा था, तभी रास्ते में उसकी



हालत बिगड़ गई। कॉलेज की छात्रा उसेआनन–फानन ऑटो से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची, जहां उपचार के बाद उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।28 सितंबर को 18 वर्षीय नीरज पुत्र ओमप्रक. ाश सिसोदिया निवासी कौमरी पीसी बागला का छात्र है। परिजनों ने बताया कि छात्र का कल जन्मदिवस था और आज अपने कॉलेज गया था। किसी बात को लेकर छात्र ने गोलगप्पे के साथ धान में लगने वाली किसी नशीली दवा का सेवन कर लिया। जिससे छात्र की हालत बिगड़ गई।हालत बिगड़ती देख कॉलेज की बीए में पढ़ने वाली छात्रा ओटो में बैठाकर साम. ुदायिकस्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची। वहां उपचार देने के बाद उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी दलवीर सिंह रावत ने बताया कि छात्र को प्राथमिक उपचार दे दिया गया है। उसके बाद छात्र को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

## वार्षेणय युवा संगठन महानगर अलीगढ ( रजिस्टर्ड ) द्वारा आयोजित वार्षेणय प्रीमियर लीग वी पी एल के पहले सेमी फाइनल मे विपिन लायंस टीम विजयी , विपिन वार्षेणय बने मेन ऑफ द मैच

अलीगढ़ वार्ष्णेय युवा संगठन , महानगर अलीगढ (रजिस्टर्ड ) द्वारा वार्ष्णेय प्रीमियर लीग वी पी एल सीजन फर्स्ट का पहला सेमीफाइनल मैच धर्म समाज महाविद्यालय क्रीडा स्थल , जी टी रोड अलीगढ पर आयोजित हुआ।वार्ष्णेय युवा संगठन महानगर अलीगढ (रजिस्टर्ड ) के उपाध्यक्ष भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक ने बताया कि वी पी एल क्रिकेट लीग सीजन फर्स्ट के इस सेमीफाइनल मैच का शुभारम्भ प्रमुख समाजसेवी संगठन के संस्थापक विष्णु भैया , मुख्य सलाहकार एडवोकेट आक. ाशदीप वार्ष्णेय , उपाध्यक्ष भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक , राजीव कृष्ण , रा. जनारायण सिंह , मनोज पप्पू खलीफा , प्रदीप यमुना एक्सपोर्ट , विशाल बंटी ने किया । अध्यक्ष धनंजय वार्ष्णेय ज्वेलर्स , महामंत्री मनोज गुप्ता लकी ने सभी उप. स्थित अतिथियों का स्वागत पटका पहनाकर किया । संचालन भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक ने किया । मैच की स्कोरिंग तरुण सेमसंग ने की वही मैच का सीधा प्रसारण जितेंद्र टी डी ने क्रिकहीरो के माध्यम से किया । क्रिकेट की कमेंट्री सुमित एडमिन, सोनू वार्ष्णेय , रूपम वार्ष्णेय एवं लव वार्ष्णेय ने अनोखे अंदाज मे की ।12 ओवर के इस मैच मे ए जी स्ट्राइकर्स टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया जो गलत साबित हुआ । विपिन लायंस टीम के आलराउंडर खिलाडी मेन ऑफ द मैच रहे विपिन वार्ष्णेय ने 26 गेंदों में 6 चौकों और 2 छक्कों की मदद से शानदार 48 रन बनाए साथ ही शानदार गेंदवाजी करते हुए 1 ओवर मे 2 विकेट लिए । साथ ही आये बल्लेवाज साथी डौनी वार्ष्णेय ने 27 गेंद मे 51 रन बनाकर टीम को 160 रन के सम्मानजनक स्कोर पर पहुंचाया । 161 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम ए. जी स्ट्राइकर्स 7 विकेट पर केवल 76 रन ही बना पाई । और 84 रन से हार गई । इस मैच को जीतकर विपिन लायंस टीम ने फाइनल मे जगह बना ली है ।शाही भोज कैटर्स की ओर से विपिन वार्ष्णेय को मेन ऑफ द मैच के लिए 11000 रुपये का वाउचर भी दिया गया । साथ ही 1100 रुपये का वाउचर विपिन वार्ष्णेय राधारानी स्क्रेप की ओर से दिया गया । इस मैच के अवसर पर विष्णु भैया , आकाशदीप वार्ष्णेय एडवोकेट , धनंजय वार्ष्णेय ज्वेलर्स , भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक , मनोज गुप्ता लकी , अतुल गुप्ता , प्रमोद बॉबी , रोहित पीतल , नवनीत जौनी , गौरांग वार्ष्णेय , सुमित एडमिन , युगल वार्ष्णेय , मनीष वार्ष्णेय , विपिन वार्ष्णेय , समीर वार्ष्णेय सर , आशु गुप्ता गैस, हिमांशु एन के , विकास वार्ष्णेय , सोनू वार्ष्णेय , तरुण वार्ष्णेय , पीयूष गुप्ता प्रिंस , राजीव कृष्ण , राजनारायण सिंह , मनोज पप्पू खलीफा , प्रदीप यमुना एक्सपोर्ट , विशाल बंटी आदि उपस्थित रहे ।

## छोड़ा मौसम गुब्बारा, 36.8 किमी ऊंचाई पर फटा, बुलंदशहर में गिरा



अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) के भूगोल विभाग की छत से 28 सितंबर को पाचवां मौसम गुब्बारा छोड़ा गया। गुब्बारा 36.8 किमी ऊंचाई पर फटकर बुलंदशहर के छतारी इलाके में गिर गया। यह अब तक गुब्बारे द्वारा तय की गई सर्वाधिक ऊंचाई भी है।विभाग की छत से शाम चार बजे मौसम गुब्बारा छोड़ा गया। मौसम साफ और हवाएं स्थिर होने से गुब्बारा आसमान की तरफ उड़ता गया। परियोजना निदेशक प्रो. अतीक अहमद ने बताया कि गुब्बारा छोड़ने के लिए एयर ट्रैफिक कंट्रोल से अनुमति मांगी गई थी। अनुमति मिलने के बाद गुब्बारा छोड़ा गया। उन्होंने बताया कि 13 सितंबर को 25 किमी की ऊंचाई पर जाकर गुब्बारा फट गया था। 13 अगस्त को 35.5 किमी की ऊंचाई और फटा था। इससे पहले 11 जुलाई और 26 जुलाई को गुब्बारा छोड़ा गया था।परियोजना समन्वयक प्रो. अतीक अहमद ने बताया कि मौसम गुब्बारे में करीब छह मीटर की रस्सी बंधी होती है। उसके अंतिम छोर पर रेडियोसोंडे उपकरण बंधा होता है, जिसकी दाहिनी ओर लगे जीपीएस से लोकेशन की जानकारी मिलती। बायीं ओर सेंसर लगा होता है, जो तापमान, आर्द्रता, दबाव, हवाओं की दिशा–गति की जानकारी एकत्र कर ट्रांसमीटर को देता। यह ट्रांसमीटर भूगोल विभाग की छत पर लगे रिसीवर को डेटा भेजता है, जो स्क्रीन पर लगातार प्रदर्शित होता रहता है।

## भारतीय युवा कांग्रेस ने राजा भैया को प्रदेश सचिव मनोनित किया



अलीगढ़रू उत्तर प्रदेश की युवा रा. जनीति में सक्रिय चल रहे अलीगढ़ के गांव अमरगढ़ी निवासी राजा उर्फ राजा भैया को भारतीय युवा कांग्रेस ने अहम जिम्मेदारी दी हैं।भारतीय युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पारस शुक्ला ने राजा भैया को प्रदेश सचिव मनोनित किया है।आपको बता दें राजा भैया ने अलीगढ़ की छात्र रा. जनीति से निकलकर उत्तर प्रदेश की युवा राजनीति में एक अलग पहचान बनाई है। राजा पहले राष्ट्रीय लोकदल में प्रदेश महासचिव थे लेकिन उत्तर प्रदेश विधान सभा चुनाव के बाद राजा भैया ने राष्ट्रीय लोकदल को अलविदा कह दिया और सैकड़ों युवा साथियों के साथ लखनऊ कांग्रेस कार्यालय पर सह प्रभारी धीरज गुर्जर, छत्तीसगढ़ प्रभारी पीएल पुनिया, नकुल दूबे, जियाउरहमान ने कांग्रेस ज्वाइन कराई थी। तभी से राजा भैया युवा कांग्रेस की सक्रिय रा. जनीति का हिस्सा रहे हैं और छात्र, युवा, किसान, कमरों की लड़ाई बेबकी से लड़ रहे हैं।

जिम्मेदारी मिलने के बाद राजा भैया ने कांग्रेस आलाकमान का धन्यवाद अदा किया है और कहा कि देश बदलाव चाहता है ये युग कांग्रेस का युग है आज देश को कांग्रेस की आवश्यकता है।

आवश्यकता है
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिये जिला ब्यूरो चीफ, मण्डल ब्यूरो चीफ,ब्लॉक ब्यूरो एंव संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें –
अमित कुमार वर्मा
सम्पादक
मो:8218049162,8273402499

जननायक सम्राट
हिन्दी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक,प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल, अलीगढ़ से मुद्रित कराकर कार्यालय सरोज नगर, गली नम्बर 5, अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक
अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायालय ही होगा।

## खादी एवं ग्रामोद्योग पुरस्कार योजना के तहत इकाइयां 09 अक्टूबर तक करें आवेदन

अलीगढ़ उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित खादी एवं ग्रामोद्योग पुरस्कार योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–2025 में ग्रामोद्योगी इकाईयो एवं उद्यमियों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार वितरण के लिए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यकम योजना एवं मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना अन्तर्गत न्यूनतम पूँजी निवेश पर अधिकतम रोजगार प्रदान करने वाली इकाईयों और न्यूनतम तीन वर्ष पुरानी स्थापित निरन्तर कार्यरत इकाईयां पुरस्कार हेतु 09 अक्टूबर तक आवेदन कर सकती हैं। जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी संजीदा बेगम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालय जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, त्रिमूर्ति नगर, सुरक्षा बिहार, बरौला बाईपास, अलीगढ से प्राप्त कर सकते है। अधिक जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है और दूरभाष नम्बर 7408410755 एवं 9808146965 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## सातवीं राष्ट्रीय स्केटिंग खो-खो चौंपियनशिप 2024 कमल पब्लिक स्कूल डी ब्लॉक विकासपुरी नई दिल्ली में संपन्न




उत्तर प्रदेश की स्केटिंग खो–खो सीनियर टीम राष्ट्रीय स्तर पर उपविजेता रही है । जूनियर टीम तीसरे स्थान पर रही है । सीनियर टीम का मैच तमिलनाडु से हुआ था और जूनियर टीम का मैच हिमाचल प्रदेश से हुआ और उत्तर प्रदेश की जूनियर टीम तीसरे स्थान पर रही है। राष्ट्रीय स्केटखो फेडरेशन के चेयरमैन एस. जगराज सिंह साहनी और डायरेक्टर विनीत वर्मा ने उत्तर प्रदेश की उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर और मेडल पहनकर पूरी टीम का सम्मान किया और खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर प्रमाण पत्र देकर हार्दिक बधाई दी।उत्तर प्रदेश स्केटिंग खो खो संघ के अध्यक्ष विवेक बंसल पूर्व विधायक ने उपविजेता टीम के कप्तान आदित्य ठाकुर और और कप्तान योग कुमार को हार्दिक बधाई और कहां है उत्तर प्रदेश आने पर चौंपियन टीम का सम्मान समारोह किया जाएगा। ओलंपिक जिला संघ के महामंत्री मजहर उल कमर और कीड़ा भारती के डॉ शंभू दयाल रावत ने उत्तर प्रदेश के जनरल सेक्रेटरी प्रदीप रावत और पूर्ण टीम को हार्दिक बधाई दी और कहा ओलंपिक संघ द्वारा जूनियर ,,सीनियर टीम और टीम मैनेजर व कोच को सम्मानित किया जाएगा।दिल्ली में टीम के साथ जिला सचिव डॉ नीलम पाराशर ,टीम मैनेजर रिंकू दिक्षित, टीम कोच वंशिका चौहान सलाहकार राशिद खान उपस्थिति रहे है।

## आज श्री अग्रसेन सेवा समिति (रजि.) अलीगढ़ द्वारा महाराजा अग्रसेन जी की 5148 वी जयंती बड़ी धूमधाम से धर्मपुर कोर्टयार्ड, मैरिज रोड,अलीगढ़ पर मनाई गई।




संगठन के अध्यक्ष विनय अग्रवाल द्वारा बताया गया की कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि माननीय श्री प्रशांत सिंघल जी व माननीय श्री विवेक बंसल जी व कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि डॉ. राजीव अग्रवाल जी,श्री प्रवीण मंगला जी,श्री अंकुर मित्तल जी, श्री जितेंद्र गोविंद जी के द्वारा महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया।जयंती संयोजक सचिन अग्रवाल ने बताया कि आज निरूशुल्क मैडिकल कैंप का आयोजन किया गया है जिसमें नेत्र जांच शिविर व दंत जांच शिविर लगाया गया, जिसमें 500 से अधिक मरीजों का नेत्र जांच व दंत जांच कर दवा वितरण , चश्मा वितरण भी किया गया डॉक्टर द्वारा मोतियाबिंद पीड़ितों की लिस्ट तैयार कर ली गई है जिनका ऑपरेशन संगठन द्वारा निरूशुल्क कराए जायेंगे संगठन की महामंत्री आशीष अग्रवाल द्वारा बताया कि समाज सेवा के क्षेत्र में संगठन

**इस वर्ष जरूर मंद दिव्यांगों को 5 व्हीलचेयर व 5 विकलांग साइकिल का वितरण किया गया**

संगठन के उपाध्यक्ष शुभम गोयल ने बताया कि महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर समाज के प्रत्येक क्षेत्र के अग्रबंधु का सम्मान किया गया जिसमें वयोवृद्ध सम्मान श्री ओ पी अग्रवाल जी को , समाज सेवा में श्री विजय अग्रवाल (सोनी) अध्यक्ष धर्म समाज महाविद्यालय अलीगढ़,शिक्षा के क्षेत्र में डॉ. मनीषा अग्रवाल प्रधानाचर्या चंपा अग्रवाल कन्या इंटर कॉलेज अलीगढ़, विधि के क्षेत्र में श्री रोहतास अग्रवाल एड. ,चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ. रिचा गर्ग दंत जांच विशेषज्ञ, डॉ. नीलेश मित्तल जी नेत्र जांच विशेषज्ञ, समाज सेवा के क्षेत्र में युवा अग्रबंधु गौरव अग्रवाल राधे राधे को सम्मनित किया गया।

**मुख्य अतिथि प्रशांत सिंघल ने कहा कि अग्रवाल समाज सेवा के क्षेत्र में सबसे आगे रहता है,समाज हित के लिए हमेशा तैयार है।**

कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष ऋषभ बंसल, उपमंत्री मनमोहन मित्तल, मीडिया प्रभारी गौरव अग्रवाल, जयंती सहसंयोजक पंकज अग्रवाल, मोनू अग्रवाल, सिद्धार्थ मित्तल, सारंग अग्रवाल, हर्षित गर्ग,उमेश अग्रवाल सम्मानितकिया गया।संरक्षक श्री तरुण अग्रवाल,सौरभ अग्रवाल बालजीवन,ज्ञान गोयल राधा मेटल इंडस्ट्री,प्रमोद गुप्ता विजडम, विष्णु गर्ग गंगा ट्रेडर्स , नीरज अग्रवाल कोल्ड, क्षितिज अग्रवाल,ऋषभ गर्ग सरिया,चौ. अनिल अग्रवाल,प्रदीप कुमार अग्रवाल बालजीवन,संदीप गर्ग, चेतन गोयल , विक्रांत गर्ग , शशांक गुप्ता वीना, धर्मेंद्र अग्रवाल, मनोज मित्तल, मनीष वूल सभासद, हरिकिशन अग्रवाल, संजीव रतन अग्रवाल पवन मोरनी अनिल सेंचुरी व अलीगढ़ के अग्र बंधु उपस्थित रहे।

# सरकारी बैंकों ने खोल दिए अपने दरवाजे, 15000 रूपये की सैलरी पर रखे जाएंगे हजारों ट्रेनी

पब्लिक सेक्टर बैंकों में पहली बार ट्रेनी कर्मचारी बड़ी संख्या में रखे जा रहे हैं. बैंकों के अप्रेंटिसशिप प्रोग्राम के तहत छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों में इनकी नियुक्ति की जाएगी. ट्रेनिंग प्रोग्राम के तहत आने वाले ये कर्मचारी बैंकों की सर्विस हर कस्टमर तक पहुंचाने में मदद करेंगे. पिछले कुछ सालों में पब्लिक सेक्टर बैंकों के कर्मचारियों की संख्या तेजी से कम हुई है. अब अप्रेंटिसशिप प्रोग्राम के तहत होने जा रही हायरिंग से आने वाले ये लोग बैंकों की वर्कफोर्स में आई कमी को दूर करेंगे.कई बैंकों में हजारों लोगों को ट्रेनिंग देने की मिली मंजूरी हाल ही में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ( केनरा बैंक और इंडियन ओवरसीज बैंक ने अप्रेंटिसशिप प्रोग्राम के तहत लोगों की नियुक्ति शुरू कर दी है. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने 500, केनरा बैंक ने 3000 और इंडियन ओवरसीज बैंक ने 550 ग्रेजुएट की नियुक्ति शुरू कर दी है. इस एक साल लंबे अप्रेंटिसशिप प्रोग्राम में नियुक्त होने वाले लोगों को 15 हजार रुपये तक हर महीना मानदेय दिया जाएगा. इन बैंकों ने पहली बार अप्रेंटिसशिप हायरिंग की है. फाइनेंशियल सेक्टर में नौ. करी मिलने में आसानी हो जाएगीबैंक ऑफ इंडियाबोर्ड ने भी अप्रेंटिसशिप प्रोग्राम शुरू करने की मंजूरी दे दी है. बैंक में करीब 1300 लोग नियुक्त किए जाएंगे. इनको कस्टमर रिलेशन का काम सौंपा जाएगा. केनरा बैंक के एमडी एवं सीईओ के सत्यनारायण राजू के अनुसार, ज्यादातर ट्रेनी दूरद. राज के इलाकों में नियुक्त किए जाएंगे. ये लोगों तक बैंकों की सर्विस पहुंचाने की कोशिश करेंगे. बैंकों के साथ काम करने का अनुभव मिलने से इन्हें फाइनेंशियल सेक्टर में नौकरी मिलने में आसानी हो जाएगी.बैंकों में नौकरी मिलने की कोई गारंटी नहीं होगी हालांकि, अप्रेंटिसशिप प्रोग्राम पूरा होने के बाद इन्हें बैंकों में नौकरी मिलने की कोई गारंटी नहीं होगी. मगर, बैंकों को इनसे काफी फायदा होगा. इन्हें हर उस जगह पर इस्तेमाल किया जाएगा, जहां बैंकों को कर्मचारियों की कमी है. ये सीनियर सिटीजन कस्टमर तक बैंकों की सेवाएं पहुंचाने में अहम भूमिका निभा सकेंगे. साथ ही बैंक कर्मचारियों के ऊपर से भी वर्क लोड कम होगा. इनमें से ज्यादातर को उनके निवास स्थान पर ही तैनाती दी जाएगी. इनसे लोन रि. कवरी, कलेक्शन, ऑपरेशंस, डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और लोन प्रोसेसिंग जैसे काम सौंपे जा सकते हैं.

## यूपी में लुढ़क गया सोना और चांदी का दाम, जानें आपके शहर में आज के नए प्राइस

आज सोने–चांदी के दाम में (ळवसक ंदक ेपसअमत चतपबम) उतार–चढ़ाव देखने को मिल रहा है. भारत में आज 22 कैरेट 10 ग्राम सोने का भाव 71,100 रुपये है. बीते दिन 71,160 भाव था. वहीं, 24 कैरेट सोने की कीमत आज 77,550 रुपये प्रति 10 ग्राम है. बीते दिन 24 कैरेट सोने का दाम 77,610 रुपये था. हालांकि मार्केट एक्सपर्ट का कहना है कि आने वाले दिनों में सोने की कीमतें बढ़ेगी. सोने की प्रति ग्राम की कीमत आज 22 कैरेट सोने की कीमत 7,110 प्रति ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 7,755 प्रति ग्राम है. लखनऊ में 22 और 24 कैरेट सोने के दाम (ळवसक च्तपबम पद स्नबादवू)यूपी की राजधानी लखनऊ में आज 22 कैरेट सोना प्रति 10 ग्राम 71,100 रुपये है. राजधानी में 24 कैरेट सोने का रेट प्रति 10 ग्राम 77,550 रुपये है. गाजियाबाद में सोने के भाव 22 कैरेट गोल्ड–प्रति 10 ग्राम–71,100 रुपये 24 कैरेट सोने के दाम–प्रति 10 ग्राम–77,550 रुपयेनोएडा में 22 और 24 कैरेट सोने के दाम 71,100 रुपये (22 कैरेट) 77,550 रुपये (24 कैरेट)मेरठ में सोने के भाव 71,100 रुपये (22 कैरेट)77,550 रुपये (24 कैरेट)आगरा में 22 और 24 कैरेट सोने के दाम 71,100 रुपये (22 कैरेट)77,550 रुपये (24 कैरेट) अयोध्या में 22 और 24 कैरेट सोने के दाम 71,100 रुपये (22 कैरेट)77,550 रुपये (24 कैरेट)कानपुर में 22 और 24 कैरेट सोने के दाम 71,100 रुपये (22 कैरेट) 77,550 रुपये (24 कैरेट)मथुरा में 22 और 24 कैरेट सोने के दाम 71,100 रुपये (22 कैरेट)77,550 रुपये (24 कैरेट) लखनऊ में 1 किलो चांदी का भाव बात करें चांदी के रेट की तो सिल्वर की दरों में लखनऊ में आज बदलाव हुआ है. आज एक किलो चांदी का रेट 95,000 है. वहीं, कल चांदी के दाम 96,100 थे. यानी चांदी की कीमत घटी है.जानकारी के लिए बता दें, उपरोक्त सोने की दरें सांकेतिक हैं और इसमें जीएसटी, टीसीएस और अन्य शुल्क शामिल नहीं हैं. सटीक दरों के लिए अपने स्थानीय जौहरी से संपर्क करें.कैसे जानें सोने की शुद्धता? द्वारा सोने की शुद्धता पहचानने के लिए हॉल मार्क दिए जाते हैं. 24 कैरेट सोने के आभूषण पर 999, 23 कैरेट पर 958, 22 कैरेट पर 916, 21 कैरेट पर 875 और 18 कैरेट पर 750 लिखा होता है. ज्यादातार सोना 22 कैरेट में बिकता है, वहीं कुछ लोग 18 कैरेट का इस्तेमाल भी करते हैं. कैरेट 24 से ज्यादा नहीं होता, और जितना ज्यादा कैरेट होगा, सोना उतना ही शुद्ध कहलाता है. जानें क्या है 22 और 24 कैरेट में अंतर? 24 कैरेट गोल्ड 99.9: शुद्ध होता है और 22 कैरेट लगभग 91 प्रतिशत शुद्ध होता है. 22 कैरेट गोल्ड में 9: अन्य धातु जैसे तांबा, चांदी, जिंक मिलाकर जेवर तैयार किया जाता है. जबकि 24 कैरेट सोना शानदार होता है, लेकिन उसके आभूषण नहीं बनाए जा सकते. इसलिए ज्यादातर दुकानदार 22 कैरेट में सोना बेचते हैं.मिस्ड कॉल से जानें भाव 22 कैरेट और 18 कैरेट गोल्ड ज्वेलरी के खुदरा रेट जानने के लिए 8955664433 पर मिस्ड कॉल दे सकते हैं. कुछ ही देर में ैडै के जरिए रेट्स मिल जाएंगे. इसके अलावा लगातार अपडेट्स की जानकारी के जानकारी के लिए ूूपइरं.बव या पइरंतंजमे.बवउ पर देख सकते हैं.हॉलमार्क का रखें ध्यान लोग सोने को खरीदते समय उसकी उसकी क्वॉलिटी का ध्यान जरूर रखें. ग्राहक हॉलमार्क का निशान देखकर ही खरीदारी करें. हॉलमार्क सोने की सरकारी गारंटी है, ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (बीआईएस) हॉलमार्क का निर्धारण करती है. हॉलमार्किंग योजना भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम के तहत संचालन, नियम और रेग्युलेशन का काम करती है.

## पेट्रोल–डीजल में 1.50 रूपये की कटौती संभव, बदलने वाला है रेट तय करने का सिस्टम




भारत में फिलहाल पेट्रोल और डीजल की कीमतें रोजाना तय की जाती हैं. कीमतों में बदलाव इंटरनेशनल मार्केट में क्रूड ऑयल की कीमत और एक्सचेंज रेट के हिसाब से तय किया जाता है. इसे डायनेमिक फ्यूल प्राइसिंग का नाम दिया गया था. इनमें बदलाव इतना मामूली होता है कि अधिकतर लोगों का रेट में आए अंतर पर ध्यान तक नहीं जाता. यह सिस्टम जून, 2017 में शुरू किया गया था. इससे पहले पेट्रोल–डीजल के रेट में बदलाव का ऐलान होता था. उसके घटने या बढ़ने के चलते पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ के नजारे आम होते थे.अब सरकार इस सिस्टम को फिर से बदलने की तैयारी कर रही है. इसके तहत हर तीन महीने में पेट्रोल–डीजल की कीमतों की समीक्षा की जाएगी. साथ ही जल्द ही पेट्रोल–डीजल की कीमतों में 1.5 रुपये की कटौती भी की जा सकती है. हर 3 महीने में कीमतों की समीक्षा करने का बनाया जा रहा प्लान क्रूड ऑयल की कीमतों में पिछले कुछ महीनों में जबरदस्त कमी आई है. इसका फायदा उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार न सिर्फ पेट्रोल–डीजल के रेट में कटौती कर सकती है बल्कि हर 3 महीने में कीमतों की समीक्षा करने की योजना बना रही है. इसमें केंद्रीय उत्पाद शुल्क या राज्य वैट में कटौती को नए नियमों से अलग रखा जाएगा. इसका मतलब है कि कंपनियों को अपने मुनाफे का 10 फीसदी कस्टमर्स को देना होगा. इसके अलावा सरकारें अपने शुल्क में कमी करके भी उन्हें अतिरिक्त राहत दे सकती हैं. पेट्रोल में 1.5 रुपये और डीजल में 1.20 रुपये की कमी संभव सूत्रों के हवाले से मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि अगर कीमतों की समीक्षा तीन महीने में की जाती है तो नए रेट लंबे समय के लिए फिक्स हो जाएंगे. इनमें तीन महीने तक कोई बदलाव नहीं आएगा, जिससर्स्थिरता बनी रहेगी. फिलहाल कंपनियों को पेट्रोल पर 15 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 12 रुपये प्रति लीटर का शुद्ध लाभ हो रहा है. अगर इसका 10 फीसदी उपभोक्ताओं को दिया जाता है तो पेट्रोल की कीमत करीब 1.5 रुपये और डीजल में 1.20 रुपये की कमी आसानी से हो सकती है.एक रुपये प्रति बैरल दाम कम होने पर बचते हैं 13000 करोड़ रुपये क्रूड ऑयल की कीमतों में लगभग 19 फीसदी की कमी आ चुकी है. मगर, उपभोक्ताओं को इसका पूरा लाभ नहीं मिल पाया है. दरअसल, एक रुपये प्रति बैरल की कमी होने पर सरकार को सालाना लगभग 13 हजार करोड़ रुपये की बचत होती है.

## कुंभ मेला 2025 के लिए रेलवे की मेगा तैयारी, 992 स्पेशल ट्रेनें, 933 करोड़ रूपये खर्च और भरपूर यात्री सुविधाएं



विश्व के सबसे बड़े धार्मिक समागम माने जाने वाले कुंभ मेले के लिए रेलवे की तैयारी सामने आ गई है. यह विशाल धार्मिक समागम 12 जनवरी से प्रयागराज में आयोजित होने वाला है, जिसमें अनुमानित 30 करोड़ से 50 करोड़ श्रद्धालु जुटेंगे. इसके लिए भारतीय रेलवे की तैयारियां चल रही हैं. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जानकारी दी है कि कुंभ मेला 2025 के लिए भारतीय रेलवे रिकॉर्ड संख्या में ट्रेनें, एडवांस्ड ट्रैक और श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं देने के लिए तैयार है. रेलवे की ओर से जानक. ारी के मुताबिक इसके लिए रेलवे कुल 992 स्पेशल ट्रेनों का संचालन करेगा और कुल ट्रेन सुविधाओं और यात्री सुविधाओं के लिए 933 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसे लेकर एक हाई लेवल मीटिंग में तैयारियों को जायजा लिया और रेलवे की सभी तैयारियों को फाइनल टच देते हुए ग पर अपने सोशल मीडिया हैंडल के जरिए बड़ी जानकारी शेयर की हैं. यात्री सुविधा कार्यों के लिए कुल 495 करोड़ रुपये की लागत के साथ कई अलग–अलग सुविधाएं लागू की जाएंगी. यात्री सुविधाओं के लिए टिकटिंग कैपिसिटी को कई गुना बढ़ाया गया है और कई सुविधाओं पर खास ध्यान दिया जा रहा है 1. यात्री शेल्टर्स 2. बिजली, सुरक्षा, ब्ब्ज्ट की व्यवस्था 3. पानी की ेनचचसल और शौचालय की सुविधा 4.एक्जीक्यूटिव लाउंज और अस्पताल विस्तार 5. सर्कुलेटिंग एरिया में सुधार 6. ऑन ड्यूटी कर्मचारियों के लिए रहने की व्यवस्था 7. रेलवे परिसर में बाउंड्री निर्माण रेल मंत्री ने एक पोस्ट में बताया है कि 12 जनवरी 2025 से 28 फरवरी 2025 तक चलने वाले कुंभ मेले आने वाले श्रद्धालुओं के लिए स्पेशल ट्रेनें और यात्री सुविधाएं शुरू की जाएंगी. इसकी महत्वपूर्ण तारीखें ये हैं–

पौष पूर्णिमा 13 जनवरी 2025

मकर संक्रांति 14 जनवरी 2025मौनी अमावस्या 29 जनवरी 2025 को (5–6 करोड़ श्रद्धालु) आने का अनुमान है.बसंत पंचमी 3 फरवरी 2025माघी पूर्णिमा 12 फरवरी 202 महाशिवरात्रि 26 फरवरी 2025द इसके अलावा जो खास प्रयास किए जा रहे हैं–उनको भी जानें 3700 करोड़ रुपये की लागत से प्रयागराज डिवीजन और इससे जुड़े आसपास के स्थानों के रेलवे ट्रैक की डबलिंग की जा रही है. इस पर खास तौर पर ध्यान दिया जा रहा है जिससे कि कुंभ मेले के दौरान और मेले के पीक सीजन में ट्रेन सुविधाएं सुचारू रूप से चलती रहें.